
# Class 7 Maths Important Questions Hindi Medium Chapter 1 पूर्णांक की समझ

## अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
ऐसा पूर्णांक युग्म लिखिए जिनका योग -3 है।
उत्तर:
1 तथा - 2 = (- 1) + (- 2) = - 1 - 2 = - 3
या - 5 तथा 2 = (- 5) + 2 = - 5 + 2 = - 3

प्रश्न 2.
3 × (-5) को संख्या रेखा का उपयोग कर ज्ञात कीजिए।
उत्तर:




अतः 3 × (- 5) = - 15

प्रश्न 3.
(- 18) × (- 10) × 9 का गुणनफल ज्ञात कीजिए।
उत्तर:
(- 18) × (-10) - 9
= [(- 18) × (-10)] × 9
= 180 × 9 = 1620

evidyarthi
https://www.evidyarthi.in/

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
सत्यापित कीजिए:
(- 20) × [12 + (-2)] = [(- 20) × 12] + (- 20) × (-2)]
हल:
(- 20) × [12 + (-2)]
= (-20) × [12 - 2]
= - 20 × 10 = - 200
और [(-20) × 12] + [(- 20) × (-2)]
= - 240 + 40 = - 200
अतः (-20) × [12 + (- 2)] = [(- 20) × 12] + [(- 20) × (- 2)] सत्य है।

## निबन्धात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
15 प्रश्नों वाले एक कक्षा टेस्ट में, प्रत्येक सही उत्तर के लिए 4 अंक दिए जाते हैं और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए (-2) अंक दिए जाते हैं।
(i) सुमन सभी प्रश्नों को हल करती है, परन्तु उसके उत्तरों में से केवल 9 सही हैं। उसने कुल कितने अंक प्राप्त किए हैं?
(ii) उसके एक मित्र के केवल 5 उत्तर सही हैं। उस मित्र के द्वारा प्राप्त अंक कितने हैं?
हल:
(i) एक सही उत्तर के लिए दिए जाने वाले अंक = 4
∴ 9 सही उत्तरों के लिए दिए गए अंक = 4 × 9 = 36
एक गलत उत्तर के लिए दिए जाने वाले अंक = - 2
∴ 15 - 9 = 6 गलत उत्तरों के लिए दिए जाने वाले अंक
= (- 2) × 6 = - 12
इसलिए, सुमन द्वारा प्राप्त किए गए अंक
= 36 + (-12) = 24

(ii) एक सही उत्तर के लिए दिए जाने वाले अंक = 4
अतः 5 सही उत्तरों के लिए दिए गए अंक = 4 × 5 = 20
एक गलत उत्तर के लिए दिए जाने वाले अंक = (-2)
अतः 15 - 5 = 10 गलत उत्तरों के लिए दिए जाने वाले अंक = (-2) × 10 = - 20
इसलिए, सुमन के मित्र द्वारा प्राप्त किए गए अंक = 20 + (-20) = 0

प्रश्न 2.
राम स्टेशनर्स एक पेन बेचने पर 1 रुपये का लाभ अर्जित करता है और अपने पुराने स्टॉक की पेंसिलों को बेचते हुए 40 पैसे प्रति पेंसिल की हानि उठाता है।
(i) किसी विशिष्ट महीने में उसने 5 रुपये की हानि उठाई। इस अवधि में उसने 45 पेन बेचे। बताइए इस अवधि में उसने कितनी पेंसिलें बेचीं।
(ii) अगले महीने में उसे न तो लाभ हुआ और न ही हानि हुई। यदि इस महीने में उसने 60 पेन बेचे, तो उसने कितनी पेंसिलें बेचीं? .
हल:
(i) एक पेन को बेचने पर लाभ = 1 रु.
45 पेनों को बेचने पर लाभ = 45 रु.
दी हुई कुल हानि = - 5 रु.
अर्जित लाभ + उठाई गई हानि = कुल हानि
इसलिए उठाई गई हानि = कुल हानि - अर्जित लाभ = (-5 - 45) रु. = (-50) रु. या - 5000 पैसे एक पेंसिल को बेचने से उठाई गई हानि = - 40 पैसे इसलिए बेची गई पेंसिलों की संख्या
= (- 5000) ÷ (- 40) = 125 पेंसिल

(ii) अगले महीने में न तो लाभ हुआ और न ही हानि हुई
इसलिए अर्जित लाभ + उठाई गई हानि = 0
अर्थात् अर्जित लाभ = - उठाई गई हानि
अब, 60 पेनों को बेचने से लाभ = 60 रु.
इसलिए पेंसिलों को बेचने से उठाई गई हानि = -60 रु. अर्थात् - 6000 पैसे

अतः बेची गई पेंसिलों की कुल संख्या
= (- 6000) ÷ (- 40) = 150 पेंसिलें

https://www.evidyarthi.in/